an>

Title: Need to review the law and order situation and consider imposing the President's rule in Jharkhand.

**श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) :**सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार को झारखंड की जनता का त्राहिमाम संदेश देना चाहता हूं। झारखंड में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। कांग्रेस के षडयंत्रों तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में चल रही सरकार, जो राजद के षडयंत्रों का भी एक हिस्सा है, उनके कारण आज झारखंड में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। वहां की हालत यह है कि उपद्रवी और उग्रवादी तत्व झारखंड की शासन व्यवस्था को चलाने का काम कर रहे हैं। खूंटी और रांची के आसपास ऐसे कई जिले हैं, जहां उग्रवादियों के आदेश से स्कूल खुलते हैं और बंद होते हैं। अभी लगातार दस दिनों तक खूंटी और शिमडेगा के स्कूल बंद रहे।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से कहना चाहता हूं कि वहां प्रतिदिन आधा दर्जन लोगों की हत्याएं हो रही हैं और आधा दर्जन से अधिक बलात्कार और यौन शोषण के केस दर्ज हो रहे हैं। मैं अनुरोध करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार का गृह मंत्रालय वहां की सारी रिपोर्ट मंगाये और झारखंड में राष्ट्रपति शासन अविलम्ब लगाया जाए, ताकि वहां स्वार्थ की राजनीति के तहत बनाई गई जो सरकार है, वह सरकार बर्खास्त हो सके और आने वाले दिनों में जो चुनाव होने वाला है, वह निष्पक्ष ढंग से भयमुक्त हो सके और वहां एक अच्छी सरकार आ सके।